दया करो भोलेनाथ दीन पे दया करो

दया करो भोलेनाथ,
दीन पे दया करो,
हे मेरे भोलेनाथ,
दीन पे दया करो.....

आया हूँ मैं शरण तुम्हारी,
करो कृपा भोले भंडारी,
लाज मेरी तेरे हाथ,
दीन पे दया करो....

हर पल दाता राह निहारु,
हर पल तेरा नाम पुकारू,
बाट जोऊँ दिन रात,
दीन पे दया करो....

तीनो लोको के तुम स्वामी,
तुम हो दाता अंतर्यामी,
जानो मन की बात,
दीन पे दया करो...

सबकी बिगड़ी आप बनाते,
सबका बेडा पार लगाते,
नाव मेरी तेरे हाथ,
दीन पे दया करो...

मैं हूँ दर्शन का अभिलाषी,
आ जाओ बाबा कैलाशी,
माँ गौरा के साथ,
दीन पे दया करो...

दया करो भोलेनाथ,
दीन पे दया करो,

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/3263/title/daya-karo-bholenath-deen-pe-daya-karo

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |